कोर्स बी.ए. (आनर्स) हिंदी

यूनिक पेपर कोड – 12051303 (NC)

शीर्षक – हिंदी कहानी CORE

सेमेस्टर – III

पूर्णांक - 75 समय : 3 घंटे

आवश्यक निर्देश :

1. उत्तर के पूर्व प्रश्नों को अच्छी तरह से समझने का प्रयास करें।
2. **छह** प्रश्न में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दें।
3. प्रत्येक प्रश्न 18.75 अंक का होगा।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए - 18.75

क. चार दिन तक पलक नहीं झाँपी। बिना फेरे घोडा बिगडता है और बिना लडे सिपाही। मुझे तो संगीन चढाकर मार्च का हुकुम मिल जाए। फिर साथ जर्मनों को अकीला मारकर न लौटूँ तो मुझे दरबार साहब की देहली पर मत्था टेकना नसीब न हो। पाजी कहीं के, कलों के घोडे – संगीन देखते ही मुँह फाड देते हैं और पैर पकडने लगते हैं। यों अँधेरे में तीस-तीस मन का एक गोला फेंकते हैं।

अथवा

हीरामन का बहुत प्रिय गीत है यह। महुआ घटवारिन गाते समय उसके सामने सावन-भादों की नदी उमडने लगती है, अमावस्या की रात और घने बादलों में रह-रह कर बिजली चमक उठती है। उसी चमक में लहरों से लडती हुई बारी – कुमारी महुआ की झलक उसे मिल जाती है। सफरी मछली की चाल और तेज हो जाती है। उसको लगता है, वह खुद सौदागर का नौकर है। महुआ कोई बात नहीं सुनती। परतीत करती नहीं। उलट कर देखती भी नहीं और वह थक गया है, तैरते – तैरते।

ख. शाहनी कहते-कहते रुक गई। आज क्या हो रहा है। शाहनी को लगा जैसे जी भर-भर आ रहा है। शाह जी को बिछुडे कई साल बीत गए, पर-पर आज कुछ पिघल रहा है- शायद पिछली स्मृतियाँ.... आँसुओं को रोकने के प्रयत्न में उसने हुसैना की ओर देखा और हल्के से हँस पडी। और शेरा सोच ही रहा है , क्या कह रही है शाहनी आज। आज शाह जी क्या , कोई भी कुछ नहीं कर सकता। यह होके रहेगा – क्यों न हो?

अथवा

तुम लोग अपने –आपको समझते क्या हो? तुम लोगों सिर्फ बडे – बडे प्रमोशन चाहिए, वो भी आरक्षण के भरोसे। बच्चों को स्कूल-कॉलेज में एडमिशन भी कोटे से ही चाहिए। लेकिन इस कोटे को बचाए रखने

munotes.in

के लिए जब कुछ करने की नौबत आती है तो तुम लोगों को जरूरी काम निकल आते हैं या फिर दफ़्तर से छुट्टी नहीं मिलती। तब रमेश चौधरी ही बनेगा बली का बकरा। गालियाँ भी वही खाएगा।

2. 'पूस की रात' कहानी किसान के जीवन का जीवन्त चित्र प्रस्तुत करती है। समीक्षा कीजिए। 18.75
3. 'चीफ की दावत' कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए। 18.75
4. 'माया का मर्म' कहानी का सार लिखिए। 18.75
5. 'सिक्का बदल गया' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए। 18.75
6. 'वापसी' कहानी के आधार पर गजाधर बाबू का चरित्र-चित्रण कजिए। 18.75

munotes.in